हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 एमकेबाहरा में 75 लाख की लागत से बनेगा



12 नर्रा में धूमधाम से मनाया गया शाही दशहरा का पर्व





## खबर संक्षेप

### विसर्जन के दौरान नाचने को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम टेका में दुर्गा विसर्जन के दौरान नाचने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में पिथौरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को निलेश साहू ग्राम टेका ने बताया कि 2 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन करने तालाब जा रहे थे। इस दौरान डीजे में गांव के सभी लोग नाच रहे थे, जिसमें वह भी नाचने लगा। नाचते समय गांव के सहदेव, राजेश, राजू ने उससे कहा कि तुमको नहीं नाचना है, तुम यहां से भाग जाओ। लेकिन उसने उनकी बातों को नहीं सुना और नाचने लगा। इस पर आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट की।

### अमृत भारत स्टेशन योजना : अगस्त 2023 में हुआ था शिलान्यास, साल भर का और इंतजार

# रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की रफ्तार धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की रफ्तार धीमी बनी हुई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे आधुनिकीकरण का काम अभी तक लगभग आधा ही पूरा हो सका है। यात्रियों को उम्मीद थी कि स्टेशन जल्द ही नए और हाई-टेक रूप में दिखाई देगा, लेकिन निर्माण की वर्तमान गति को देखते हुए अब यह संभावना जताई जा रही है कि स्टेशन को पूरी तरह से नया रूप लेने में 2026 तक का समय लग सकता है।

स्टेशन के आधुनिकीकरण पर लगभग 16 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। योजना के तहत इसे एक 'सिटी सेंटर' के रूप में विकसित किया जाना है, जिसमें रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र और यात्रियों की सुविधा के लिए अलग प्रवेश और निकास द्वार जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। साथ ही, पार्किंग, एस्केलेटर, और दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं भी प्रदान की जानी हैं। स्टेशन की नई इमारत को स्थानीय विरासत, संभवतः सिरपुर की तर्ज पर, विकसित करने की बात कही गई थी। हालांकि, जमीन पर काम की रफ्तार अपेक्षाओं से काफी धीमी है। अगस्त



2023 में शिलान्यास होने के बावजूद, डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य के चलते प्लेटफॉर्म का रास्ता संकरा हो गया है, जिससे दैनिक यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने-उतरने और आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस रेलवे स्टेशन से 11 ट्रेनें अप डाउन लाइन पर चलती है। बड़ी संख्या आते-आते हैं। वो साल से लोगों को निर्माण कार्य के बलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### परियोजना की स्थिति और विलंब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अगस्त, 2023 को वर्चुअल माध्यम से महासमुंद सहित देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी। महासमुंद रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त कर 'सिटी सेंटर' के रूप में विकसित करने की योजना है। शुरुआती लक्ष्य के अनुसार, इस कार्य को जून 2025 तक पूरा किया जाना था। हालांकि, निर्माण एजेंसियों की कथित सुस्ती और अन्य लॉजिस्टिक चुनौतियों के कारण परियोजना में विलंब हो रहा है।

#### यात्रियों की परेशानी और अधूरे काम

रेलवे स्टेशन पर सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है प्लेटफार्म नंबर एक की ऊंचाई बढ़ाना और इसका सौंदर्यीकरण करना। डेढ़ साल बाद भी यह कार्य पूरी तरह से संपन्न नहीं हो पाया है, जिससे यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने में खासी दिक्कतें हो रही हैं। निर्माण सामग्री और कार्यस्थल के कारण प्लेटफार्म पर आवागमन का मार्ग भी संकरा हो गया है। इसके अलावा, स्टेशन पर कई जगहों पर शेड निर्माण और नए भवन के बाहरी हिस्से को अंतिम रूप देने का काम भी अभी जारी है।



## बारिश से खल्लारी का बस स्टैंड हुआ जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 स्थित बस स्टैंड खल्लारी में बीती रात घंटों झमाझम बारिश से यहां मुख्य चौक पूरा जलमग्न हो गया था। जहां स्थानीय लोग व व्यापारियों के घण्टों मशक्कत के बाद पानी निकल पाया। किंतु, अधिक पानी भराव के कारण मुख्य सड़क मार्ग अव्यवस्थित हो गया था। जैसे-तैसे सुबह तक सड़क मार्ग से पानी निकल पाया, तब जाकर आवागमन शुरू हो पाया। यहां करीब दो फीट सड़क में पानी भरने के कारण पानी लोगों के घर व दुकानों में घुस गया था। इस कारण स्थानीय लोगों को नुकसान भी हुआ है।

## बार-बार अपील के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने वाले बड़े बकायेदारों की संपत्ति होगी कुर्क

**महासमुंद।** नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शुक्रवार को नगर पालिका राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर टैक्स वसूली की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली में गति लाने तथा पिछली बैठक में दिए निर्देशों के परिपालन में की गई कार्रवाई की जानकारी भी ली। बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी ने बताया कि लगातार अपील के बाद प्रतिदिन 10 से 15 लोग जल कर तथा मकान टैक्स जमा करने पालिका आ रहे हैं। अनेक बड़े बकायेदार अभी भी टैक्स अदा करने में रुचि नहीं रहे हैं। पिछली बैठक में अध्यक्ष ने कर्मचारियों को निर्देशित किया था कि बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करें। अध्यक्ष के निर्देश पर विभाग द्वारा बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर ली गई है। शीघ्र ही ऐसे लोगों के संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई के साथ साथ विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक के दौरान नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि बार बार अपील के बाद भी भुगतान नहीं करने वाले बकायेदारों को नगर पालिका से मिलने वाली सारी सुविधाओं पर रोक लगाया जाए। पालिका अध्यक्ष साहू ने राजस्व प्रभारी से कहा कि संपत्ति कर, समेकित कर, बाजार साइड, यूजर चार्ज सहित जलकर वसूली में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों के साथ ही पूरे 30 वार्डों के बकायदारों की सूची तैयार की जाए। बैठक में पालिका अध्यक्ष साहू ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बार बार अपील करने के बावजूद बकायेदार अपना टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, तो उनके साथ कड़ाई बरतना जरूरी हो गया है। इस अवसर पर राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।



BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116



## खबर संक्षेप

### दंत चिकित्सक से मारपीट, क्लिनिक में तोड़फोड़

**महासमुंद**। सरायपाली के एक दंत चिकित्सक से मारपीट और क्लिनिक में तोड़फोड़ के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरापाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को दिनेश अग्रवाल ने बताया कि जयस्तंभ चौक में उसका आयुष्मान दंत चिकित्सालय नाम से डेंटल क्लिनिक है। 2 अक्टूबर को एक मरीज टंकधर प्रधान निवासी भोथलडीह, तनय साहू एवं अन्य साथ आया। टंकधर प्रधान को मुंह, नाक, चेहरे में चोट लगी थी व उसका सामने का तीन दांत टूटा हुआ था, जिसका वह उपचार कर रहा था। इस दौरान उसने मरीज की दशा की गंभीरता को देखते हुए उसे शासकीय अस्पताल सरायपाली में आपातकालीन में जाकर अपना उपचार कराने का सुझाव दिया। लेकिन मरीज एवं उनके अन्य साथी उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। गाली गलौज करते हुए चश्मे को तोड़ दिया, जिससे नाक में काफी चोट आई। इसके अलावा आरोपियों ने क्लिनिक में रखे कई निजी उपकरणों को भी तोड़ा गया, इस तोड़फोड़ से एक एक्सरे मशीन व कंप्यूटर और डेंटल चेयर और डॉक्टर चैंबर को क्षति पहुंची है। इसके अलावा पंखे व पानी की मशीन व आसपास के कांच को भी तोड़ दिया गया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### हथियार लहरा कर लोगों को डरा रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। बसना और सरायपाली पुलिस ने हथियार लहराकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। बसना पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि तहसील कार्यालय के सामने अरेकेल डीपा बसना में एक व्यक्ति अपने हाथ में एक धारदार हथियार लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा। जिसने अपना नाम केदार न्यारी पिता लक्ष्मीधर न्यारी (38 साल) निवासी पुरेना थाना पाईकमाल जिला बरगढ़ ओडिशा हाल मुकाम तहसील कार्यालय के सामने अरेकेल डीपा बसना थाना बसना जिला का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार परसूल को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरुध्द धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।
वहीं दूसरे मामले में सरायपाली पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से धारदार बटनदार चाकू लेकर प्रहलाद मेडिकल गली सरायपाली के पास घूम रहा है। मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम बिट्टू खान उर्फ मोहम्मद हुसैन पिता शेख रहीम उर्फ शेख हुसैन (21 वर्ष) ताजनगर झिलमिला थाना सरायपाली का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से स्टील का एक बटनदार चाकू बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## सर्व हिंदू समाज ने सभी सहयोगकर्ताओं का किया धन्यवाद

# महाआरती के साथ पारंपरिक गरबा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय हाईस्कूल मैदान में सर्व हिंदू समाज के बैनर तले आयोजित पारंपरिक रास गरबा उत्सव का समापन नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां भवानी की भव्य महाआरती के साथ समापन हुआ। महाआरती उपरांत गरबा स्थल पर आतिशबाजी की गई। साथ ही मैदान में उपस्थित नागरिकों को प्रसाद स्वरूप बूंदी वितरण किया गया। महाआरती में प्रमुख रूप से ऐतराम साहू, राहुल चंद्राकर एवं राजेश नायक सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य सम्मिलित हुए।








रास गरबा उत्सव के अंतिम दिवस विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के सदस्यों ने मंच पर एकजुटता दिखाई।

### कार्यकर्ताओं को दिया साधुवार

पुरस्कार वितरण पश्चात समिति के सदस्यों ने जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद, नगरपालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, विज्ञापनदाताओं, हाईस्कूल के संस्था प्रमुख, प्रिंट मीडिया एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाली नगर की जनता का एवं अपने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### तिलक लगाकर हुआ स्वागत

गरबा उत्सव में पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पवन पटेल, अग्रज शर्मा सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। रास गरबा उत्सव 2025 के अंतिम दिवस पर नियमानुसार प्रत्येक आगंतुकों का तिलक लगाकर प्रवेश दिया गया।

### युवाओं को मिला पुरस्कार भी

अंतिम दिवस पर आयोजन समिति ने बेस्ट डांडिया प्लेयर ऑफ द डे पुरुष में प्रथम पीयूष दीवान, द्वितीय वरुण कुमार साहू एवं तृतीय मनीष चंद्राकर को पुरस्कृत किया। बेस्ट डांडिया प्लेयर ऑफ द डे महिला प्रथम आरती मिश्रा, द्वितीय अंजलि साहू, तृतीय मुस्कान साहू, बेस्ट ड्रेस पुरुष के लिए प्रथम पुरस्कार विनय पटेल, द्वितीय कृष कुमार ने जीता। बेस्ट ड्रेस महिला प्रथम नीता तांडी, द्वितीय तारिणी साहू।

# सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम देहरादून रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

50वीं सब-जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 04 से 10 अक्टूबर 2025 तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की बालक/बालिका टीम का नेशनल कैंप 24 से 30 सितंबर 2025 तक मिनी स्टेडियम बास्केटबॉल कोर्ट महासमुंद एवं भिलाई में आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों महासमुंद, दुर्ग, कोरबा, सरगुजा, बिलासपुर, राजनांदगांव के चयनित खिलाड़ी शामिल हुए।जिसका अंतिम चयन सूची चेयरमैन निर्णायक समिति से आरएस गौर, भारती नेताम, कविता, अंजू लकड़ा, जे वेणु, विपिन बिहारी सिंह चेयरमैन टेक्निकल



कमेटी, नूरेन चंद्राकर अध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ आदि शामिल रहे। राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में चयनित खिलाड़ियों में समर शाह, शिवांश श्रीवास्तव, निशांत पवार, हर्षित, श्रेष्ठ पांडे, कृष्णा कुशवाहा, शिवम यादव, विराट सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, एरिक सूर्यवंशी, आशुतोष कुमार, मोहम्मद लुकमन खान शामिल हैं। बालिका टीम का प्रशिक्षण शिविर भिलाई में दिनांक 24 से 30 सितंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें महासमुंद जिले से योजना रंगारी, तारिणी साहू एवं सौम्या खान का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबाल चैंपियनशिप के लिए हुआ हैं। छत्तीसगढ़ बालक टीम प्रशिक्षक शुभम तिवारी महासमुंद, हिरवास साहू, मैनेजर कुलेश्वर चंद्राकर, बालिका टीम प्रशिक्षक रोहित पटेल, सरजीत, मैनेजर कविता शामिल होंगे। राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 19 से 21 सितंबर 2025 तक मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित किया गया था। जिसमें महासमुंद जिले की बालक टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया एवं जिले की बालिका टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



## कोमाखान में दुर्गा प्रतिमाओं का निकाली गई विसर्जन शोभायात्रा

**बोइरगांव (कोमाखान)**। कोमाखान में नवरात्र पर्व धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। महाष्टमी पर अनुष्ठानों के पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तालाब तक पहुंची। श्रद्धालुओं के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंज उठा। तालाब किनारे वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन उपरांत प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों और नगरवासियों ने आस्था एवं भावनाओं से ओत-प्रोत होकर उत्सव में भागीदारी की। पूरा क्षेत्र मानो भक्ति रंग में रंग गया हो। विसर्जन कार्यक्रम के बाद प्रसाद भंडारे और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों ने प्रसाद ग्रहण किया। भोज में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया, जिससे यह आयोजन सामाजिक सौहार्द्र और एकता का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम की सफलता में ग्रामवासी, स्थानीय स्वयंसेवक और समितियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति ने साफ-सफाई तथा व्यवस्था को लेकर सराहनीय प्रयास किए। इस संपूर्ण कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में भाईचारे और मिलजुलकर रहने की परंपरा को भी और प्रगाढ़ किया है।

# सौ वर्षों से हो रहा लाफिनकला में रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम

- बरसते पानी में मना रामलीला का शताब्दी वर्ष, संस्कृति को सहेजने एक ही घर के आठ लोगों ने राम लीला में भाग लिया

लाफिनकला में युवाओं की पहल पर इस वर्ष शताब्दी वर्ष मनाया गया। बाल समाज के तत्वावधान में इस ग्राम में राम और कृष्ण लीला, नाटक का मंचन वर्षों से होती रही है। पूर्वजों और बुजुर्गों के बताए अनुसार रामलीला का इस वर्ष शताब्दी वर्ष था। जिसे अलग ढंग से मनाने तैयारी थी। जिसका गांवों में काफी प्रचार प्रसार भी किया गया था। किंतु, दशहरा के दिन भारी बारिश ने लीला मंचन में काफी खलल डाला। फिर भी युवाओं और



बच्चों में उत्साह इतना था कि बरसते पानी में अंगद रावण संवाद लीला हुई। तत्पश्चात रावण वध लीला कर रावण का पुतला जलाया गया।

### लीला में भाग लेने आगे नहीं आ रहे हैं युवा पीढ़ी

लीला मंडली के सचिव रामजी साहू का कहना है तीस चालीस वर्ष पूर्व गांवों में राम और कृष्ण लीला, नाटक मनोरंजन का प्रमुख साधन हुआ करता था। किंतु, आज बढ़ते सोशल मीडिया, मोबाइल, टीवी का प्रचलन के चलते युवा पीढ़ी रामलीला में भाग लेना नहीं चाहते। पुराने पात्र और कुछ उत्साही युवा ही रामलीला मंचन की परंपरा को आगे बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

## पिथौरा में धूमधाम से हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन





**पिथौरा**। नगर के विभिन्न पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का बड़े ही श्रद्धा व उत्साह के साथ विसर्जन किया गया। मांदर तथा डीजे के जसगीतों की धुन पर भक्तगण झूमते-नाचते मां के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरे नगर का माहौल भक्तिमय व उत्सवधर्मी रहा। विसर्जन यात्रा में महिलाएं, युवा और बच्चे परंपरागत वेशभूषा में मां दुर्गा को विदाई देने पहुंचे। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। नगरवासियों ने माता रानी से सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ।

## झलप में गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभा, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान पर हुई चर्चा

**झलप**। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर ग्राम पंचायत झलप में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत के सरपंच राकेश साहू, उपसरपंच किशन कोसरिया एवं पंचगणों ने गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झलप की प्राचार्य विजयलक्ष्मी सिदार ने आगामी दिनों में संचालित होने वाले मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था और गुणवत्ता सुधार को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। ग्राम सभा में शिक्षा विभाग से संकुल समन्वयक सतीश तिवारी, स्वास्थ्य विभाग से योगेश मिश्रा, ग्राम पंचायत झलप से सचिव हेमेंद्र नाथ योगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। ग्राम पंचायत के सरपंच ने कहा कि गांधी के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शिक्षा अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद**। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक किया गया। महाविद्यालय प्रमुख डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, शपथ तथा कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ का कार्यक्रम विगत दिनों से महाविद्यालय में किया जा रहा है। भाषण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वयं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल, विशेष अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर, रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक एवं तरुण बांधे सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। स्वागत भाषण की कड़ी में प्राचार्य डॉ अग्रवाल ने कहा कि आज सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। गांधी का सत्य और अहिंसा का संदेश विश्वभर में अमर रहेगा। लाल बहादुर शास्त्री की सादगी और त्याग हमें बताता है कि नेतृत्व पद पर रहकर भी विनम्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। हमारे विद्यार्थियों को चाहिए कि वे इन महापुरुषों की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में जागरूक नागरिक बनें। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने कहा कि गांधी का संपूर्ण जीवन यह दर्शाता है कि सत्य की शक्ति किसी भी अन्य शक्ति से बड़ी होती है। शास्त्री ने कठिन परिस्थितियों में भी देश को एकता और संकल्प की राह दिखाई।



### शिक्षा में भूमिका का विमोचन

**महासमुंद**। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के ग्रंथपाल अजय कुमार वास की छठवीं पुस्तक ओएनओएस और एनईपी 2020 की शिक्षा में भूमिका का विमोचन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. बी. कुमार तथा समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने अजय कुमार श्रीवास को उनकी नवीन कृति के लिए हर्ष जताया है।

# डबल इंजन सरकार में एनएच एसएच दोनों की दुर्दशा: अंकित

**महासमुंद**। खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान डबल इंजन सरकार में सड़कों की दुर्दशा भी डबल है, पूरे नवरात्र व त्योहार के सीजन में बागबाहरा शहर को मुख्य सड़क जो कि एनएच 353 कहलाती है, की हालत गड्ढों से भरी और धूल के गुबार से भरी हुई है, व्यापारी से लेकर आम राहगीर तक इससे बेतहाशा परेशान है। इसी प्रकार जितनी एसएच व पीडब्लूडी की सड़क है, वह भी बद से बदतर हालत में होती जा रही है। और इस डबल इंजन की भाजपा सरकार में कोई सुनने वाला भी नहीं है। लगातार भाजपा नेता विभिन्न कार्यक्रमों में सेवा सप्ताह की नौटंकी करते, मंत्रियों, सांसदों और अन्य नेताओं की आवाभगत करते तो दिख जाएंगे,



पर जनहित की बातों से उनका कोई सरोकार नहीं है। ऐसे समय में उन सब भाई साहब लोगों को सांप सूंघ जाता है। अंकित ने बताया कि वर्तमान सरकार चाहे वो केंद्र को हो या राज्य की सिर्फ मोदी के यशोगान में लगी हुई है। आम जन की मूलभूत आवश्यकताओं, बढ़ती मंहगाई से उनको कोई मतलब नहीं है। कुंभकरण की नींद में सोई सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करने बागबाहरा के एनएच के कुछ गड्ढों का नामकरण नरेंद्र गड्ढा, कमल गड्ढा, गडकरी गड्ढा, विष्णु गड्ढा, विजय गड्ढा, अरुण गड्ढा, केदार गड्ढा किया गया और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारे बाजी की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा, राजू यादव, डेमन ठाकुर, अभिषेक यादव, मेघराज साहू, बोकाडे, जगवानी, सनी दुआ, देवानंद साहू, जॉनी, आदि कांग्रेजन उपस्थित थे।

# वार्ड में नाली जाम की समस्या पर नपा उपाध्यक्ष ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीती रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण महासमुंद के वार्ड नंबर 14, राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़ी नाली का पानी मुख्य मार्ग से होते हुए घरों में घुस गया, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस गंभीर शिकायत पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

राठी ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नपा के सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर और जीतू सोनी सहित पूरी सफाई टीम को तुरंत मौके पर बुलाया और नाली के भयंकर जाम को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। जांच में पाया गया कि पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर के घर जाने वाले



रास्ते की दोनों नालियां पूरी तरह से भर गई थीं, जिसके कारण मेन रोड की नाली जाम हो गई। स्थिति को सुव्यवस्थित करने और पानी की निकासी सुनिश्चित करने के लिए नपा उपाध्यक्ष ने सफाई प्रभारी को नाली के ऊपर के स्लैब को तोड़ने का निर्देश दिया, क्योंकि इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं था। वर्तमान में, जेसीबी मशीन और ड्रिल मशीन की सहायता से स्लैब हटाने और जाम खोलने का काम तेज़ी से जारी है। राठी ने मेन रोड पर रहने वाले लोगों से नाली सफाई में सहयोग करने की अपील की है और बताया कि ज़रूरत पड़ने पर पेट्रोल पंप के पास की नाली के स्लैब को भी हटाना पड़ सकता है। नगर पालिका का सफाई अमला इस समस्या के निवारण में पूरी तरह से जुटा हुआ है। इसके साथ ही राठी ने नयापारा, सुभाष नगर और अन्य निचली बस्तियों में निवास करने वाले लोगों से भी अपील की है कि जिनकी भी झोपड़ी या मकान बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुआ है, वे तत्काल तहसीलदार के यहां राजस्व संहिता की धारा 6 उप धारा 4 के तहत राहत राशि के लिए आवेदन करें। उन्होंने तहसीलदार को भी निर्देशित किया है कि वह पटवारी को स्वमेव निचली बस्तियों में भेजकर आपदा राहत के प्रकरण दर्ज कराएं और पीड़ितों को शीघ्र राहत मुआवजा प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि बीती रात की बारिश में कई झोपड़ियां टूट कर गिर गई है।

### गांधी व शास्त्री जयंती पर हुए विविध आयोजन, युवाओं ने की सफाई

**महासमुंद**। ग्राम लाफिनकला में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी और शास्त्री की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पूर्व ग्राम के उत्साही युवाओं व बच्चों ने मिलकर ग्राम के नलकूप के आसपास साफ सफाई किए। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें दीपक जलाओ में संजू साहू, गुलदस्ता बनाओ में प्रथम संजू साहू, द्वितीय लक्ष्मी साहू, तृतीय पूजा साहू, मटका फोड़ में गीतांजलि साहू, कुर्सी दौड़ बालक में प्रथम भेवेन्द्र साहू, द्वितीय संस्कार साहू, तृतीय समीर निषाद, कुर्सी दौड बालिका में प्रथम किरण निषाद, द्वितीय लिसा साहू, रागिनी साहू, केला खाओ में प्रथम पूजा साहू, द्वितीय रागिनी साहू, तृतीय पुष्पांजलि निषाद, कुर्सी दौड़ महिला में प्रथम निरूपा पटेल, द्वितीय वीणा साहू, तृतीय राधिका साहू, चतुर्थ सीमा साहू, पंचम खुशबू साहू रही। वही धर्मेंद्र साहू, पूरब साहू, लीसा साहू, लक्ष्मी साहू, प्रियल साहू ने देशभक्तिगीत, ओजस्वी साहू व हिमांशी पटेल ने भाषण तथा बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। वही ग्राम स्तर पर बोर्ड कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा पांचवीं से साहिल निषाद, कक्षा आठवीं से लीसा साहू, कक्षा दसवीं से संध्या पटेल, कक्षा बारहवीं से हर्षा साहू को चांदी के सिक्के व प्रशस्ति-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कमलेश साहू, नेतन पटेल, गोवर्धन साहू, केतन साहू, जगदीश साहू, महेंद्र कुमार पटेल, भुवन साहू, रामजी साहू, जनक राम साहू, जीवराखन साहू, हेमूराम साहू, धर्मेंद्र साहू, एगेश साहू, डाकेश साहू, गोविंद साहू आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



### शोभायात्रा निकालकर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

**नर्रा।** नवरात्र पर्व समापन विजयादशमी दशहरा पर्व मनाने के बाद ग्राम नर्रा के आधा दर्जनों पंडालों में विराजित दुर्गा प्रतिमाओं को ट्रैक्टर, पिकअप आदि में सवार कर शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया गया। गांव के मुख्य मार्ग से शोभा यात्रा निकाली गई। प्रतिमा की प्रातः पूजा आरती की गई। मांदर, झांझ, मंजीरा की थाप पर जसगीत सेवा गीत भजन कीर्तन के साथ माता के जयकारे से गूंजते रहे। साथ ही गांवों के सभी देवी-देवताओं की पूजा पाठ करते हुए चलते रहे है।



### खरोरा में मनाया गया दशहरा पर्व

**महासमुंद।** विजयदशमी का पर्व ग्राम खरोरा में गुरुवार को मनाया गया। ग्रामीणों ने दशहरा पर्व पर राम दरबार के साथ लोगों ने खैरखाडार मैदान में उपस्थित होकर 10 फीट के रावण पुतला का दहन किया। गांव के बच्चों ने राम लीला का प्रोग्राम किया। इसमें पुष्कर मोहन, सनी, किशन, मोक्ष, संजू, डिग्गी, पंकज, भास्कर, हेमू, मुकेश का सहयोग रहा।

### रामसागरपारा में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**पटेवा।** ग्राम रामसागरपारा में 4 अक्टूबर को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसके प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001, चतुर्थ पुरस्कार 301 रुपए दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद, देवकी प्रकाश पटेल जिला पंचायत सदस्य, आशा भाई ठाकुर सरपंच, आस राम साहू उपसरपंच, विशेष अतिथि तेजराम यादव, खेमलाल साहू, ईश्वर साहू, मोहम्मद अरशद खान, नंदलाल यादव, अमरू यादव, रामचरण राजपूत, वीरेंद्र ठाकुर, दिनेश यादव, महेश ध्रुव, मेलाराम निषाद, दिलीप राम यादव, ललित ध्रुव, राधाबाई ध्रुव, कमीन ठाकुर, तिजऊ राजकुमार ठाकुर, आनंद राम यादव, लक्ष्मण निषाद, अजय ठाकुर होंगे।

# दशहरा उत्सव के दौरान भारी बारिश, अधजला रह गया रावण का पुतला

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)**

नगर में इस वर्ष दशहरा पर्व भारी बारिश के बीच संपन्न हुआ। रामलीला मंचन शुरू होने के ठीक पहले शाम 5 बजे अचानक हुए झमाझम बारिश ने पूरे कार्यक्रम को प्रभावित कर दिया। करीब ढाई घंटे तक रामलीला कलाकारों ने बारिश की बूंदों के बीच औपचारिक मंचन किया और रावण वध का आयोजन किया गया।

शाम लगभग पांच बजे से दशहरा मैदान में दर्शक जुटने लगे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद के नेतृत्व में आयोजन समिति ने इस बार बड़े पैमाने पर तैयारियां की थीं। मंच सजा हुआ था और कलाकारों की टीम रामलीला मंचन के लिए तैयार थी। लेकिन, अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। लोग छाते और प्लास्टिक की आड़ में कार्यक्रम देखने की कोशिश करते रहे, जबकि कई लोग अपने घरों की ओर लौट गए। लगातार बारिश से भीग चुके कलाकारों ने हिम्मत नहीं हारी। ढाई घंटे तक रामलीला का मंचन बरसते पानी के बीच किया गया और अंततः रावण वध की औपचारिकता पूरी की गई।

### अधजला रह गया रावण पुतला

25 फीट ऊंचा रावण का पुतला भीगने की वजह से पूरी तरह से नहीं जल सका। पुतले में आग तो लगाई गई, लेकिन बारिश से तरबतर होने के कारण केवल कुछ हिस्से ही जले। शेष पुतला अधजले हाल में ही मैदान में खड़ा रह गया।



### व्यवसायियों को लगा झटका

दशहरा मैदान में लगे छोटे दुकानदार और खोमचे वाले भी इस बारिश से बेहद प्रभावित हुए। गुपचुप, चाट, भूनी मूंगफली, भेल, खिलौने और फैंसी सामान बेचने वाले व्यापारी घंटों तक इंतज़ार करते रहे] लेकिन बारिश की वजह से लोग मैदान तक पहुंच ही नहीं पाए। सबसे ज़्यादा नुकसान खाद्य सामग्री बेचने वालों को हुआ, क्योंकि, उनकी पूरी सामग्री भीगकर खराब हो गई।

### लोगों की उम्मीदों पर फिरा पानी

नगरवासी हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्सव को लेकर बेहद उत्साहित थे, लेकिन लगातार होती बारिश ने सभी तैयारियों पर पानी फेर दिया। फिर भी कार से आए कुछ दर्शक अंत तक डटे रहे और भीगते हुए रामलीला एवं रावण दहन का नज़ारा देखा। भारी बारिश और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद आयोजन समिति और रामलीला कलाकारों ने पर्व को सम्पन्न कराकर यह साबित किया कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी हो, आस्था और परंपरा के उत्सव को रुकने नहीं दिया जा सकता।

**योजना :** जिले में आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य हो रहा है साकार

# जनजाति समुदायों के उत्थान के लिए विलेज एक्शन प्लान का निर्माण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के दूरदर्शी आह्वान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन के मंशानुरूप आदि कर्मयोगी अभियान 10 जुलाई 2025 से एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में प्रारंभ हुआ। यह अभियान शासन की ओर से नीचे से ऊपर तक समुदाय-आधारित विकास की नई परंपरा का प्रतीक है। इसका उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं को ग्राम तक पहुंचाना नहीं, बल्कि जनजातीय समाज को लाभार्थी से आगे बढ़ाकर परिवर्तन का अगुवा, परंपरा का संरक्षक और विकास का सह-निर्माता बनाना है। वर्ष 2024-25 भगवान बिरसा मुंडा जयंती वर्ष एवं जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा धरती आबा (जनजातीय ग्राम उत्कर्ष महाअभियान) की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य देशभर के जनजातीय बाहुल्य ग्रामों को नई दिशा में विकसित करना है। इस अभियान के अंतर्गत 30 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 550 से अधिक जिले, 3000 विकासखंड और लगभग 1 लाख गांव को जोड़ा गया है। इन ग्रामों में 20 लाख से अधिक आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी की टीम गठित कर ग्राम विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं।



पीएम जनमन अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले के तीन विकासखंडों में कुल 77 बसाहटें चयनित की गई है। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 41 बसाहट, बागबाहरा अंतर्गत 34 बसाहट एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 2 बसाहट शामिल है। प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव उत्कर्ष अभियान (धरती आबा) अंतर्गत महासमुंद जिले के सभी 5 विकासखंडों की 210 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 308 आदिवासी बाहुल्य ग्राम चयनित किए गए हैं। इन ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान सक्रिय रूप से संचालित हो रहा है। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 22 ग्राम पंचायतों के 25 ग्राम, बागबाहरा अंतर्गत 28 ग्राम पंचायतों के 33 ग्राम, पिथौरा अंतर्गत 125 ग्राम पंचायतों के 210 ग्राम, बसना अंतर्गत 22 ग्राम पंचायतों के 24 ग्राम एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 13 ग्राम पंचायतों के 16 ग्राम शामिल है।

### चयनित 308 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र की स्थापना

महासमुंद जिले के सभी चयनित 308 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र ग्राम पंचायत भवन या सामुदायिक भवनों में संचालित होंगे। प्रत्येक सप्ताह एक दिन, 2 घंटे के लिए खुलेंगे। यह एक एकल खिड़की कार्यालय की तरह कार्य करेंगे, जहाँ ग्रामीण अपनी समस्याएं या मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। संबंधित विभागों के अधिकारी इन दिनों गाँव में उपस्थित होकर निदान एवं चर्चा-परिचर्चा करेंगे। प्रत्येक केंद्र पर पंजी संधारित की जा रही है, जिसमें आवेदन, अधिकारियों की उपस्थिति और चर्चा के विषय दर्ज होंगे।

### विलेज एक्शन प्लान से डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान की ओर

2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर इस विलेज एक्शन प्लान विजन 2030 का अनुमोदन भी कराया गया, अनुमोदन के पश्चात वर्तमान में जिले के सभी 308 ग्राम का विलेज एक्शन प्लान का निर्माण कर उसे अभियान के वेबसाइट पर अपलोड भी कर दिया गया। ग्राम सभा से अनुमोदन के पश्चात सभी विलेज एक्शन प्लान का जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के समिति के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा एवं आवश्यक सुधार करते हुए विजन 2030 को ध्यान में रखते हुए डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान का निर्माण किया जाएगा। जिले में अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान रखा गया था। जिसमें अलग-अलग विभागों द्वारा विभागीय गतिविधियों का संचालन किया गया, जिसमें प्रथम दिवस आदि सेवा केंद्रों के शुभारंभ से लेकर अंतिम दिवस आदि शपथ, स्वच्छता अभियान, आयुष्मान कार्ड निर्माण, पौध वितरण, पशुओं का टीकाकरण, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांग शिविर लगाया गया।

### तीन स्तरों पर प्रशिक्षण के पश्चात साकार हुआ विलेज एक्शन प्लान

जिले में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित 6 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा जिले के सभी 5 विकासखंड के 10-10 प्रतिभागी कुल 50 विकासखंड मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया। इन सभी विकासखंड स्तर के मास्टर ट्रेनर द्वारा जिले के सभी 308 ग्राम के प्रति ग्राम 5 विलेज स्तर के मास्टर ट्रेनर कुल 1540 जिसमें पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं ग्राम के एक स्कूल शिक्षक को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार जिले में कुल 1596 आदि कर्मयोगी को प्रशिक्षित किया गया। द्वितीय चरण में ग्राम स्तरीय मास्टर ट्रेनर की टीम अपने सम्बंधित ग्रामो में जाकर आदि सहयोगी और आदि साथियों की टीम का निर्माण किया जिसमें ग्राम के उर्जावान युवा, जनजातीय बुजुर्ग, सामाजिक मुखिया, स्वः सहायता समूह की दीदियों, एनआरएलएम के सदस्य एवं ग्रामीण जन शामिल है। इनकी संख्या प्रति ग्राम लगभग 20 चयनित किये गए। इन सभी को विलेज मास्टर ट्रेनर के द्वारा अभियान की जानकारी दी गई साथ ही साथ अभियान के अंतर्गत पूरे गाँव में भ्रमण कर गाँव की वास्तविक विकास की स्थिति आवश्यकताओं का आकलन कर विलेज एक्शन प्लान का निर्माण कराया गया।

# कृषि एवं पशुपालन मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप**

छत्तीसगढ़ पशुधन विकास विभाग में कार्य आधारित मानदेय पर कार्य करने वाले छग प्रशिक्षित कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता गौसेवक और मैत्री संघ के सभी प्रांत के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री से सौजन्य मुलाकात किया। इस मुलाकात में छत्तीसगढ़ संघ की ओर से श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया और एक स्मृति चिन्ह के रूप में गौमाता का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

जिनमें प्रदेश के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह राजपूत के अलावा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव पुष्पकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेश साहू, सह सचिव रामकृष्ण सिन्हा ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम का सम्मान किया गया। अध्यक्ष राजपूत और सचिव पुष्पकान्त ने संयुक्त रूप से बताया कि हम लोग विगत 25 वर्षों से कार्य कर रहे है, जिनमें 1999 से गौसेवक का पद निकालकर प्रशिक्षण दिया गया और विभाग को बधियाकरण टीकाकरण प्राथमिक उपचार में सहयोग करना चालू किया और आज भी सेवा दे रहे है, पर कृत्रिम गर्भाधान का ट्रेनिंग नहीं मिल पाने के कारण यह कार्य नहीं कर पाते है। फिर 2005- 06 में जब प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता के लिए पशुधन विभाग पद निकाला और ट्रेनिंग देने लगा। जिनमें पशुओं में कैसे कृत्रिम गर्भाधान किया जाता है और टीकाकरण बधियाकरण प्राथमिक उपचार पशु संगणना पशु शिविर में सहयोग कहे तो विभाग का सभी प्रकार का कार्य करने लग गए पर कार्याधारित मानदेय पर कार्य करने लग गए मानदेय की राशि मिलने में ही कई साल लग जाते है। इस पर मंत्री बोले कि जानकारी लिया जाएगा। साथ ही छग गोसेवा आयोग के पहल पर गोधाम को लाया गया, जिनमें गौसेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेसर पटेल और गौसेवा आयोग के संरक्षक संत राम बालक दास महाराज का भी आभार व्यक्त किया गया, जिनके कारण छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गोधाम को स्वीकृति दिया। इनके लिए भी संघ की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस मुलाकात में रायपुर संभाग के अध्यक्ष दुलारू राम साहू, दुर्ग संभाग के कमल किशोर पांडे, बस्तर संभाग से मंत्रीलाल जैन, जिला अध्यक्ष रायपुर से नरेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष बालोद से किशोर साहू, सक्रिय सदस्य में भूषण देवांगन रायपुर, तिजेंद्र साहू धमतरी, डोमन यादव महासमुंद, नारायण यादव राम साहू उपस्थित रहे।

**विसर्जन...**



पिथौरा (ग्रामीण)। लहरौद स्थित कर्मचारी कॉलोनी में मां दुर्गा की प्रतिमा और जोत-ज्वारा विसर्जन के दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

### मचेवा पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में गोद ग्राम मचेवा के पंचायत भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राज्य एनएसएस अधिकारी नेता बाजपेई, समन्वयक डॉक्टर एलएस गजपाल, जिला संगठक डॉ मालती तिवारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी नायर, रेडक्रॉस इकाई के जिला संगठक अशोक गिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसबी कुमार के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। जिला चिकित्सालय से भुनेश्वरी साहू पीएचसी सिनोदा एवं सोमनाथ साहू पीएचसी खट्टी द्वारा ग्रामवासियों का नेत्र जांच किया गया, जिसमें लगभग 70 लोगों ने अपना नेत्र जांच कराया और उन्हें चश्मे का नंबर और कुछ लोगों को चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम में गांव की सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव ने महाविद्यालय का धन्यवाद किया कि इस प्रकार से गांव में शिविर आयोजित होने से गांव वासियों को लाभ मिलता है। नेत्र जांच शिविर दो दिवसीय लगाया गया था। जिसमें प्रथम दिवस में महाविद्यालय में 150 छात्राओं का नेत्र जांच किया गया। दूसरे दिवस ग्राम मचेवा में इस शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ सरस्वती वर्मा, यूथ रेड क्रॉस इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्वेतलाना नागल के नेतृत्व में स्वयंसेवक सीमा साहू, हिमांशी, अजीति, उर्वशी साहू ने इस जांच परीक्षण में पूरा सहयोग प्रदान किया। इस स्वास्थ्य शिविर के लिए महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण ने सराहनीय प्रशंसा की।

# कोमाखान में हुआ गुरु दर्शन मेला एवं जेल यात्रियों का सम्मान

## दिनेश बंजारे व विजय बंजारे का किया गया सम्मान, समाज में नशामुक्ति पर दिया जोर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

कोमाखान के सुअरमाल में गुरु घासीदास बाबा के सतनाम प्रचारक ब्रह्मदेव सम्राट समाधि वाले द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सात दिवसीय सतनाम सत्संग एवं गुरु गद्दी पूजा का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सामाजिक जेल यात्री दिनेश बंजारे तथा जिलाध्यक्ष विजय बंजारे को वीर बलिदानी राजा गुरु बालक दास सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर जिला शक्ति से आए हुए संतजन बाबा गुरु घासीदास की जीवनी और बाबा साहब अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज विजय बंजारे ने समाज को नशा पान से दूर रहकर शिक्षा और



रोजगार की ओर ध्यान देने की बात कही। महासमुंद जिले में चल रही पे बैक सोसायटी के बारे में भी समाज के लोगों को बताया। जिसमें प्रतिभावान निर्धन छात्र-छात्राओं को आर्थिक मदद देकर पढ़ाई के लिए सहयोग की जाती है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज प्रदेश सह सचिव दिनेश बंजारे ने समाज को अपने उद्बोधन में लड़की-लड़का को एक समान बताते हुए बराबर शिक्षा देने की बात कही आज के समय में लड़कियां उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही है। इसलिए घर के चार दिवारी में कैद कर ना रखें बल्कि वह जहां जाना चाहे वहां पढ़ने के लिए भेजें। समाज में नशा की प्रवृत्ति बढ़ रही है, इसे रोकने की जरूरत है। छोटे-छोटे रोजगार धंधा को अपनाएंगे तो हममे आर्थिक संपन्नता आएगी। छोटे-छोटे मामले में हमको लड़ाई झगड़ा नहीं होना है और कोर्ट कचहरी के चक्कर में ना पड़कर सामाजिक स्तर पर ही निपटारा करना चाहिए, जो व्यक्ति बुराई को त्यागता है वही महान व्यक्ति कहलाता है। सामाजिक चेतना जगाने वाले हमारे सभी महापुरुषों के बदौलत आज हम अच्छे स्थिति में है उनका त्याग उनका बलिदान को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सतनाम संस्कृति से संबंधित पेंटिंग गीत कविता प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर ब्रम्हदेव अवड़े, सुअरमाल पंचायत के सरपंच मुक्ता मार्कंडेय व देवेंद्र टंडन, सोनू टंडन व आसपास के समाज प्रमुख व युवा बच्चे महिलाएं उपस्थित रहे।

# बरेकेल में क्रिकेट प्रतियोगिता, पचपेड़ी टीम बनी विजेता

**झलप।** ग्राम बरेकल में लायन स्टार क्रिकेट क्लब बरेकलकला द्वारा स्व. अजय कुर्रे की स्मृति में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरम्भ 27 सितंबर से शुरू हुआ, जिसका समापन 2 अक्टूबर को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बरेकल के सरपंच टिकेश्वरी प्रवीण टंडन, विशेष अतिथि उपसरपंच राकेश टंडन, जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन, महेंद्र कोसरिया एवं ग्राम के वरिष्ठजन, ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन सफल हुआ। जिसमें पचपेड़ी ने बाजी मारी। फाइनल मैच में उसने तेंदूकोना को मात दी।



प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है, पहला इनाम पचपेड़ी को 20001 रुपए टिकेश्वरी प्रवीण टंडन के सौजन्य से, दूसरा इनाम तेंदूकोना को 12001 रु को राकेश टंडन के सौजन्य से, तीसरा इनाम सुहागपुर को 6001 रु स्व. गंगा प्रसाद कोसरिया कि स्मृति में महेंद्र कोसरिया द्वारा, चौथा इनाम खल्लारी को 4001 रुपए सुषमा राकेश टंडन के द्वारा दिया गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खुटेरी में दुर्गा प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम पंचायत खुटेरी दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। जहां ग्राम डिघेपुर से सांग वालों की भजन आरती हुई। विसर्जन कार्यक्रम में सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, पूर्व सरपंच घनश्याम धांथी, रघुनंदन पटेल, पंच कुंजराम पटेल, रमेश कुमार बरिहा, नारायण सिंह ध्रुव, रविना ध्रुव, भोजपुरी पटेल, आरती सिन्हा, लिलेश्वरी, दशरथ साहू, चंचल सिन्हा, प्रीतम बरिहा, पिंटू महेश, नेतराम आदि मौजूद रहे।




### खुटेरी में मनाई गई गांधी जयंती

**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम पंचायत खुटेरी में गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, भूतपूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, पंच कुंजराम पटेल, रमेश कुमार बरिहा, नारायण सिंह ध्रुव, रवीना ध्रुव, भोजकुमारी पटेल, पंच आरती सिन्हा, रामजी आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 6 तक करा सकते हैं पंजीयन

**महासमुंद**। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के ग्रामीण युवक एवं युवतियों के लिए कंप्यूटर में डेस्कटॉप पब्लिशिंग में निःशुल्क प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 45 दिनों का रहेगा। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 6 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन करा सकते है। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड को 2-2 छायाप्रति, अंकसूची न्यूनतम 12 वीं उत्तीर्ण एक छायाप्रति एवं पासपोट साईज की 5 फोटो शामिल है।



### अछोली के दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा में पहुंचे तुषार

**महासमुंद**। ग्राम अछोली में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और विजयदशमी के दिन किया जाता है। इस दौरान मां दुर्गा की आरती उतारी जाती है, उन्हें सिंदूर चढ़ाया जाता है, और पारंपरिक ढोल-नगाड़ों व जयकारों के साथ उनकी मूर्ति का विसर्जन नदी में किया।

## निधन

### रामकुमार बांसवार



**महासमुंद**। नयापारा राजिम वर्तमान धमतरी निवासी बिजली विभाग में कार्यपालन अभियंता रामकुमार बांसवार का आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार नयापारा राजिम में किया गया।

### सीताराम यादव



**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी निवासी सीताराम यादव (62) का देहांत 3 अक्टूबर शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रातः 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित समाजिकजन शामिल हुए। वे उर्मिला बाई यादव के पति व भेखलाल यादव, शंकर यादव के पिता थे।

# एमकेबाहरा में 75 लाख की लागत से बनेगा हाईस्कूल भवन

## खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन, स्कूलों की अधोसंरचना को बेहतर बनाने हो रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम पंचायत एमके बाहरा में 75 लाख की लागत से हाईस्कूल भवन का निर्माण होगा। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। विधायक यादव की मांग पर एमकेबाहरा में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए बजट में शामिल किया गया। इसके 75 लाख 23 हजार रुपए की स्वीकृति मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने की। अतिथि के रूप में संगीता पटेल, गुणनिधि पटेल, कमल नारायण पटेल, संतराम पटेल, भेखराम साहू, रामनारायण साहू, शोभा गुप्ता, मनोज चंद्राकर, लता साहू, राजेश कुशवाहा, चंदूलाल साहू, मनोज चंद्राकर, भेखराम सेन मौजूद थे। संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि यहां ग्रामीणों द्वारा लगातार स्कूल भवन की मांग



की जा रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए भवन निर्माण के लिए स्वीकृति दिलाई। उन्होंने भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने व भूमिपूजन पर कहा कि शासकीय स्कूलों की अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है, ताकि हमारी प्रतिभाएं बिना किसी बाधा व रूकावट के आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने कहा कि विधायक यादव के प्रयास से स्कूल भवन की सौगत मिली है। विधायक की मंशा है कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो, इसी मंशा के साथ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर आसकरण साहू, तोमश चंद्राकर, बेनुराम पटेल, नोशन पटेल, खिलेश साहू, खिलेश पटेल, दिनेश साहू, कृपाराम साहू, घनाराम पटेल, गणेश विश्वकर्मा, ऋषि साहू, डागेश साहू, कृपा राम पटेल, याग्निक चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

**पर्व विशेष : नौ कन्या पूजन के साथ नवरात्र का हुआ समापन**

# रामचंडी मंदिर गढ़फुलझर में धूमधाम से मनाया गया नवरात्र का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

रामचंडी मंदिर गढ़फुलझर में नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया। 9 दिनों तक भक्तों ने न सिर्फ मां रामचंडी की पूजा अर्चना की, बल्कि माता रानी की सेवा कर प्रसाद ग्रहण किया। नवरात्र में भक्तों ने व्रत रखकर विशेष आरती में भाग लिया तथा नवमी तिथि को विशेष हवन पूजन कर नौ कन्याओं की विधि विधान से पूजा कर कन्या भोज कराया।

समिति अध्यक्ष चंद्रकांत भोई ने बताया कि नवरात्रि पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा रोज भजन आरती के साथ शाम को बैठकी कीर्तन आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संध्या के समय अपार संख्या में भक्त उपस्थित होकर आरती में भाग लिये। इस वर्ष 3058 भक्तों ने मां रामचंडी के दरबार में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए। आरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए भोग भंडारा रखा गया था। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया। मां के दर्शन



करने समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचकर मां का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किये।

संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि नवरात्र पर्व के सफल आयोजन के बाद 5 अक्टूबर को आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को रामचंडी दिवस का आयोजन रखा गया है। जिसमें मध्य रात्रि को मां रामचंडी की विशेष पूजा की जाएगी। इस अवसर पर वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं बंधु मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। मुख्य अतिथि छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे तथा अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, खाद्य आपूर्ति नागरिक मंत्री एवं महासमुंद जिला प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, पर्यटन एवं संस्कृति न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल, महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व संसदीय सचिव त्रिविक्रम भोई, पूर्व राज्य मंत्री देवेंद्र बहादुर सिंह, संरक्षक द्वय हरिचरण प्रधान एवं व्यासदेव भोई, जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान एवं ग्राम पंचायत गढ़फुलझर सरपंच हरप्रीत कौर उपस्थित रहेंगे।

सचिव ललित साहू ने बताया कि रामचंडी दिवस को सफल बनाने एवं भव्य रूप प्रदान करने के लिए कुल कार्यकारिणी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई। जिसमें समाज के लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए समाज के लोग विशेष रूप से जुटे हुए हैं तथा इस दिन महाभंडारा का आयोजन रखा गया है। रामचंडी दिवस पर युवा प्रकोष्ठ के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन रखा गया है। इस विशाल सम्मेलन में सरायपाली, बसना, पिथौरा अंचल सहित रायगढ़, सारंगढ़, सरगुजा, जशपुर एवं ओडिशा क्षेत्र के सामाजिक बंधु शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।

# नर्रा में धूमधाम से मनाया गया शाही दशहरा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम नर्रा में 2 अक्टूबर को विजयादशमी असत्य पर सत्य की जीत का पर्व शाही दशहरा का पर्व मनाया गया। इस दिन बारहपाली ग्राम के रजवाड़ा जमींदार स्वर्गीय महेंद्र कुमार दिवाकर के सुपुत्र प्रवेंद्र कुमार दिवाकर के द्वारा अस्त्रशस्त्र एवं देवी पाठमेसरी की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। इस दिन देवी दर्शन करने हेतु श्रद्धालु का रेला लगा रहा। नारियल अगरबत्ती, फूल, पान लेकर पूजा पाठ किया गया।

बताया जाता है कि शाही दशहरा पर्व यहां ऐतिहासिक रूप से मनाया जाता है। देवी दर्शन करने दर्शनार्थी दूरदराज तथा आसपास गांवों के श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में पहुंचते है। युवा वर्ग छोटे बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया, लेकिन बारिश बना बाधा। मौसम में बदलाव आसमान पर बादल दिन भर छाए रहे। दिन में भी हल्की बारिश हुई। जैसे ही शाम हुए वैसे ही गरज चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। इधर, तेज बारिश के कारण कुछ देर के लिए बिजली बंद हो गई, गांव अंधेरे में डूबे रहे। लोग घरों में दुबके रहे। तेज बारिश रात्रि 1 बजे तक होती रही है। दशहरा पर मेले का आयोजन दुकानें लगी रही। जैसे थमते ही राउर घर से रात्रि में बाजे गाजे एवं दलबल के साथ देवी पाठमेसरी भक्तों को दर्शन देने तथा ग्राम भ्रमण के लिए निकली, जहां गांवों के सभी देव स्थलों पर अपनी उपस्थिति दी। रावण भांठा में रावण



का पुतला दहन किया गया। दशहरा पर्व रावण दहन देखने आए लोगों को बारिश की वजह से मायूस होना पड़ा। यहां बारिश के कारण पुतले भीग गए और आधे अधूरे जले। वही दर्शकों के मनोरंजन के लिए देर रात तक एक ही जगह पर नाचा कार्यक्रम हुआ।



**महासमुंद**। ग्राम मचेवा के बस्तीपारा में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का गांव के शीतला तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर दुर्गोत्सव समिति के समस्त युवा पदाधिकारी व ग्रामीण जन विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। माता जस गीत की धूनों पर ग्राम भ्रमण पश्चात माता को भावपूर्ण विदाई दी गई।

# गांधी जयंती पर जमदरहा में ग्राम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

गांधी जयंती पर आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत जमदरहा में ग्राम सभा में आदि कर्मयोगी के विलेज एक्शन प्लान सहित विभिन्न जनहित समस्याओं को पढ़कर सुनाया गया। मानचित्र के बारे में बताया गया। सभी ग्रामीणों द्वारा अनुमोदन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, पीएचई विभाग एवं पंचायत



विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही आदि सहयोगी बेनुधर बरिहा, राजकुमार बरिहा, गांडाराय बरिहा, दीक्षित चंद्राकर, मनोज चौहान, महेंद्र बरिहा, सुरेंद्र चौहान, मानसिंह बरिहा, विमला बरिहा, सविता बरिहा, बुंदकुंवर बरिहा, अंजू बरिहा, बसंती बरिहा, पंचायत सचिव रथलाल यादव, सरपंच प्रीतम चतुर्वेदी, ठाकुर राम पटेल-वन विभाग सहित आम जनताओं की उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष में सामाजिक अंकेक्षण 2025-26 की जानकारी शंकर सिंह सिदार प्रधान पाठक ने दी। कार्यक्रम की सेक्टर अधिकारी सुखराम निराल, रेंजर वन परिक्षेत्र अधिकारी वन विभाग बसना, डिजेंद्र कुर्रे संकुल समन्वयक, जनपद सीईओ पीयूष ठाकुर, ब्लाक नोडल अधिकारी - बसना ने सराहना की।



### नरतोरा में मनाया गया वृद्धजन दिवस

**महासमुंद**। 1 अक्टूबर को ग्राम पंचायत नरतोरा में वृद्धजन दिवस मनाया गया। गांव के समस्त वृद्धजन को ग्राम पंचायत नरतोरा के सरपंच एवं पंचों के द्वारा श्रीफल भेट क्रर सम्मान किया गया। इसमें प्रमुख रूप से सरपंच जीतराम पटेल, उपसरपंच राजू दीवान, पंच साथी ओमप्रकाश यादव, योगेंद्र पटेल, मीना दीवान, इंद्रानी यादव, बिनेद्र दीवान, डोमार सिंह पटेल, पंचायत सचिव राजकुमार टंडन, भूषण पटेल (चपरासी) एवं गांव के समस्त गणमान्य वृद्धजन

# गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**बागबाहरा**। भारत स्काउट गाइड संघ द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर स्थानीय पीडब्लूडी विश्राम गृह में ब्लॉक पदाधिकारियों ने सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि अशोक अग्रवाल उपाध्यक्ष जिला स्काउट गाइड संघ, अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल व विशेष अतिथि के रूप में संघ के उपाध्यक्ष राजेश सोनी, आजीवन सदस्त प्रतिनिधि रूपेश तिवारी, विष्णु महानंद, नोटरी भक्तराम मांझी, सेत राम बघेल थे। महापुरुष के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। और साथ ही सर्वधर्म प्रार्थना में प्रातः स्मरण, सरस्वती वंदना,



गुरुमहिमा, रामधुन, नांनधुन, मौन प्रार्थना, वी शैल ओवर कम, हर देश में तू हर भेष में तू, शांति पाठ आदि किए गए। मुख्यातिथि अशोक ने अपने वक्तव्य में कहा कि महात्मा गांधी विश्व के लिए एक आदर्श महापुरूष है, जिन्होंने दुनिया को सत्य एवं अहिंसा का मार्ग दिखाया। इस कारण आज के दिन को विश्व आहिंसा के रूप में भी मनाया जाता है हमारे लिये गर्व का विषय है कि गांधी भारत में पैदा हुए। इस अवसर पर पंकज हरपाल ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बापू के जीवन से हमें शालीनता, सरलता, उद्वरता एवं सहजता की प्ररेणा मिलती है जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिये और गांधी की तरह सदैव सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। रूपेश तिवारी ने बताया कि ऐसे सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन युवा पीढ़ी में एकता की भावना का संचार होता है और उनमें देशभक्ति की भावना भी प्रबल होती है। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव शेष नारायण साहू ने किया। कार्यक्रम में अरुण कोसे, जिला सहायक आयुक्त गाइड पुरी हरपाल, जेनेबिबा टिर्की, उषा किरण ठाकुर, वीणा साहू, व्यास नारायण बंजारे, जितेंद्र साहू, रोवर लीडर सतीश देवांगन, रूखमणि बघेल आदि मौजूद रहे।

# घाटकछार के राधा-माधव आश्रम में हुआ गांधी पदयात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

गांधी जयंती का दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का उत्सव है। विजयदशमी पर्व पर जब अधर्म पर धर्म की जीत का जयघोष गूंजता है, वहीं महात्मा गांधी की जयंती हमें सत्य और अहिंसा के अमर संदेश की भी याद दिलाती है। इसी दिन लाल बहादुर शास्त्री जैसे सरलता और शौर्य के प्रतीक का जन्म हुआ, जिन्होंने जय जवान, जय किसान का अमर मंत्र दिया। पदयात्रा का समापन विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित घाटकछार के राधा माधव आश्रम में समापन किया गया। गांधी पदयात्रा के किशोर सतपथी ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हम गर्व से स्मरण करते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100 वर्षों की महान यात्रा पूरी कर रहे हैं, जिनका ध्येय सदैव राष्ट्र और संस्कृति की सेवा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक हर मोर्चे पर राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा ग्रामीण विकास शिक्षा संस्थान पर्यावरण सुरक्षा और आपदा




प्रबंधन जैसे कार्यों में संघ की भागीदारी समाज को दिशा देने वाली रही। इसी धरती पर सतपथी परिवार की 81 वर्षीय प्रेरणादायी गांधी पदयात्रा हमें त्याग और सेवा की मिसाल देती है। जिसकी शुरुआत पंडित जयदेव सतपथी ने की थी और आज उनके छोटे पुत्र पंडित विद्याभूषण सतपथी द्वारा निरंतर जारी है। यह पदयात्रा समाज कल्याण नशा मुक्ति समाज में भेदभाव दूर करना, शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को जागरूकता लाना, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता पर आधारित और इसी परिवार ने विजयादशमी 1972 में सतपथी टाइपिंग के नाम से स्व प्रदीप सुखदेव ने किसानो बेरोजगार युवाओं शिक्षा से संबंधित कार्यों मदद के लिए संस्थान की स्थापना की, जिसकी आज 53वीं वर्षगांठ हमें आधुनिक शिक्षा और संवाद की उस नींव की याद दिलाती है, जिसने शब्दों को गति दी और विचारों को शक्ति। आज का यह दिन हमें एक साथ जोड़ता है। अतीत की स्मृतियों से, वर्तमान की चुनौतियों से और भविष्य की उम्मीदों से। यह केवल तिथियों का संयोग नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का जीवंत चित्र है। इस प्रेरणादायी कथा को आधार गाइड के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी प्रकार का सम्मान या उल्लेख प्रकट नहीं हो पाया है तो वह हमारी ओर से कोई अवमानना नहीं, बल्कि अनजाने में हुई कमी मात्र है।

